122/डी/विज्ञापन/2021
29/10/2021

# कार्यालय, नगर निगम, आगरा

## निविदा शुद्धि-पत्र

नगर निगम आगरा की समस्त विज्ञापन एजेन्सियों एवं सर्वेसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 23.10.2021 को दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन विभाग नगर निगम आगरा की ओर से निविदा सूचना जो नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर 7 फीट की ऊँचाई पर पेंसिल-पोल स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में प्रकाशित करायी गयी थी, के टेण्डर फोर्म के बिन्दु सं0-08 को विलोपित किया जाता है। शेष शर्ते एवं तिथियाँ यथावत् रहेगी।

प्रभारी विज्ञापन
नगर निगम आगरा

Document certified by ASHWANI KUMAR SINGH
<ashwani280683@gmail.com>.
Digitally signed by ASHWANI KUMAR SINGH
Date: 2021.10.29 1?:43:54
Designation: Ass...

प्रमाणित
फोटो

# संशोधित टेण्डर फार्म

(आगरा नगर निगम सीमान्र्तगत विभिन्न स्थलों पर 7 फीट की ऊचाई पर पेंसिल पोल के रुप में (12x8 & 16x8) साइज के विज्ञापन पट की स्थापना व संचालन डी.ओ.टी. (विकसित करना, संचालित करना, हस्तगत करना) आधार पर विज्ञापन व्यवसाय का कार्य।)

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, आगरा।

**आगरा नगर निगम सीमान्र्तगत विभिन्न स्थलों पर 7 फीट की ऊचाई पर पेंसिल पोल के रुप में (12x8 & 16x8) साइज के विज्ञापन पट की स्थापना व संचालन डी.ओ.टी. (विकसित करना, संचालित करना, हस्तगत करना) आधार पर विज्ञापन व्यवसाय का काय करने हेतु।**

1. मै उपरोक्तानुसार स्ट्रक्चर पर प्रीमियम/साइटरेन्ट आधारित विज्ञापन व्यवसाय कार्य करने हेतु आवेदन करना चाहता हूँ।
2. फर्म का नाम/पंजीकरण संख्याः ..........
3. पैन/टिन कार्ड नं0 : ..........
4. जी.एस.टी. नं0 : ..........
5. प्रोपराइटर या फर्म के पार्टनर का नाम व पता .......... ..........।
6. मोबाईल नं0:– 1– .........., 2– .........., 3– ..........।
   लैंडलाईन नं0:–1–.........., 2– .........., 3– ..........।
   ई–मेल आईडी:– .........., ..........।
7. जमानत की धनराशि के रुप में अंकेन रुपया .......... (शब्दों में ..........) एफ.डी.आर. जो नगर आयुक्त, नगर निगम आगरा के नाम बन्धक हो, संलग्न है। एफ.डी.आर. संख्या .......... दिनांक .......... बैंक/शाखा ..........।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

## घोषणा

**मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा टेण्डर फार्म के साथ निविदा के नियम व शर्तों को डाउनलोड कर उनका भली–भाँति अवलोकन कर लिया गया है। मुझे समस्त शर्तें मान्य हैं एवं Online Excel Sheet में अंकित निविदा शुल्क के रुप में धनराशि मेरे द्वारा भरी गयी है।**

निविदादाता के हस्ताक्षरः ..........

निविदादाता का नामः ..........

पिता का नामः ..........

पताः ..........


..........।

# मोदी ईयू नेताओं से मिले, द्विपक्षी[य] रिश्तों को नई ऊंचाई देने की तैय[ारी]

## व्यापार, संस्कृति, पर्यावरण, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सहयोग और बढ़ाएंगे भारत व यूरो[प]

रोम। जी-20 की बैठक में शामिल होने इटली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां यूरोपीय यूनियन (ईयू) के शीर्ष नेताओं से मिले। उन्होंने व्यापार, वाणिज्य, संस्कृति व पर्यावरण जैसे मुद्दों पर भारत-ईयू दोस्ती नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए चर्चा की। शुक्रवार को ही रोम पहुंचे मोदी ने यात्रा की आधिकारिक शुरुआत में यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सला वोन डेर लेयन से मुलाकात की। मोदी ने इन मुलाकातों को शानदार बताया है।

इस भेंट के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, पीएम ने दोनों नेताओं के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने और दोनों पक्षों में आपसी संपर्क बढ़ाने पर बातचीत की। चार्ल्स मिशेल ने भेंट के बाद ट्वीट करते हुए जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में कहा कि दुनिया के हरित परिवर्तन में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लिखा, भारत के बिना हरित बदलाव की उम्मीद असंभव है। हमने वैश्विक स्वास्थ्य, महामारी संघर्ष, भारत-ईयू रणनीतिक संबंध, अफगानिस्तान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति समेत विविध मुद्दों पर चर्चा की। उर्सला लेयन ने भी ट्वीट कर मोदी से भेंट की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, हम व्यापारिक बातचीत को शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। इसके अलावा जलवायु, नवाचार और तकनीक, हिंद-प्रशांत में सहयोग जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग गहरा करने पर भी चर्चा की। उर्सला लेयन ने टीकाकरण में भारत की उल्लेखनीय सफलता पर भी मोदी को बधाई दी। एजेंसी



यूरोपीय परिषद अध्यक्ष मिशेल व यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला संग मिले मोदी।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया... रोम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मोदी ने कहा कि गांधी जी के विचार पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों को साहस और प्रेरणा देते हैं। इस दौरान मोदी ने भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी अपनी इटली यात्रा के दौरान जी-20 के नेताओं [के साथ] वैश्विक अर्थव्यवस्था, कोविड-19, सतत विकास और जल[वायु परिवर्तन] पर चर्चा करेंगे। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद जी-2[0 की यह पहली] शारीरिक उपस्थिति वाली बैठक है। रोम पहुंचने ही पीएम ने [...]

### जी20 नेताओं से भी मिलेंगे

लेने रोम पहुंच गया हूं। मोदी 31 अक्तूबर को इटली से ब्रिटे[न] जाएंगे जहां वो जलवायु परिवर्तन पर सीओपी-26 बैठक में [...]

**मोदी ने इटली के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की...** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोम में इटली के [प्रधानमंत्री] मारियो ड्राघी से भी भेंट की और दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ [...] फ्रेंडली दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं की ये पहली [...] इटली के मंत्रिपरिषद के बैठने की जगह पलाज्जो चीगी पहुंचने पर ड्राघी ने खुद उनकी अगवानी [की। भेंट] के बाद मोदी ट्वीट किया कि पीएम ड्राघी से भेंट में दोनों देशों की मित्रता को और मजबूत कर[...]

## सीओपी-26 में दिखाई जाएगी कलाकार सौमिक दत्त की जलवायु पर बनी फिल्म

लंदन। ब्रिटेन में रहने वाले भारतवंशी कलाकार और संगीतकार सौमिक दत्त की जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ द अर्थ' ग्लास्गो में अगले हफ्ते सीओपी-26 शिखर सम्मेलन में दिखाई जाएगी। यह उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। दत्त ने 'अर्थ डे नेटवर्क' के साथ एक फिल्म और संगीत परियोजना विकसित करने पर फरवरी में ब्रिटिश काउंसिल का जलवायु परिवर्तन पर 'क्रिएटिव कमीशन' जीता था।

दत्त की फिल्म का प्रीमियर दो नवंबर को ग्लास्गो में होना है। उन्होंने कहा, फिल्म और एल्बम के रूप में सवाल है कि क्या एक इनसान के तौर पर हमारा व्यवहार सब समय के लिए सही है। हमें बदलाव लाना ही होगा। एजेंसी



### प. बंगाल में आशा की जिंदगी पर बनी फिल्म

*चौबीस मिनट की फिल्म का एनिमेशन भारतीय चित्रकार सचिन भट और अंजलि कामत ने किया है। यह पश्चिम बंगाल की युवा जलवायु शरणार्थी आशा की जिंदगी पर आधारित है जो सुंदरबन डेल्टा के कटाव वाले तटों, जलते वनों और पिघलते ध्रुवीय बर्फ से होती हुई अपने गुमशुदा पिता की तलाश में निकलती है। दत्त ने कहा, यह मेरी पहली लघु फिल्म है जिसकी कहानी मैंने लिखी, संगीत दिया और निर्देशन भी किया।*





**कार्यालय, नगर निगम, आगरा**
**निविदा शुद्धि-पत्र**

नगर निगम आगरा की समस्त विज्ञापन एजेन्सियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 23.10.2021 को दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन विभाग नगर निगम आगरा की ओर से निविदा सूचना जो नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर 7 फीट की ऊंचाई पर पीसल-पोल स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में प्रकाशित करायी गयी थी, के टेण्डर फार्म के बिन्दु सं0- 06 को विलोपित किया जाता है। शेष शर्तें एवं तिथियाँ यथावत् रहेंगी।

प्रभारी विज्ञापन
नगर निगम आगरा